प्रीलिम्स फैक्ट्स : 03 अक्तूबर, 2018

IBSAMAR-VI

भारत, ब्राज़ील और दक्षिण अफ्रीका की नौसेनाओं के बीच संयुक्त बहुराष्ट्रीय सामुद्रिक अभ्यास IBSAMAR (India-Brazil-South Africa-MARITIME) के छठे संस्करण का आयोजन दक्षिण अफ्रीका के सिमन्स टाउन में 01 से 13 अक्तूबर 2018 तक किया जा रहा है।

- IBSAMAR अभ्यास के पाँचवें संस्करण का आयोजन गोवा में 19 से 26 फरवरी, 2016 को किया गया था।
- इस सैन्य अभ्यास के प्रथम संस्करण का आयोजन वर्ष 2008 में किया गया था।
- इस सैन्य अभ्यास का उद्देश्य भाग लेने वाली नौसेनाओं को सामूहिक प्रशिक्षण प्रदान करना, अंतरसक्रियता और पारस्परिक समझ के साथ-साथ सर्वोत्तम प्रणालियों को साझा करना है।
- IBSAMAR-VI में भारतीय नौसेना का प्रतिनिधित्व निर्देशित मिसाइल फ्रिगेट तरकश, निर्देशित मिसाइल विनाशक कोलकाता, लांग रेंज सामुद्रिक निगरानी विमान P8I, सीकिंग और चेतक हेलीकॉप्टरों के साथ-साथ एक मार्कोस दल द्वारा किया जा रहा है।
- इस बार अभ्यास में पेशेवर गतिविधियों के अलावा, खेल और सामाजिक कार्यक्रमों के आयोजन की भी योजना बनाई गई है।

उन्नत भारत अभियान

उन्नत भारत अभियान के अगले चरण 'उन्नत भारत अभियान- 2' के लिये चुनौतीपूर्ण प्रणाली के आधार पर 840 संस्थानों का चयन किया गया है और ये सभी संस्थान उन्नत भारत अभियान-2 का हिस्सा होंगे।

- चयनित 840 संस्थानों में 521 तकनीकी संस्थान और 319 गैर-तकनीकी संस्थान हैं।

पृष्ठभूमि

- उन्नत भारत अभियान की अवधारणा भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (IIT) दिल्ली के समर्पित संकाय सदस्यों के समूह की पहल के साथ तब अस्तित्व में आई जब ये सदस्य लंबे समय से ग्रामीण विकास और उपयुक्त प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में कार्य कर रहे थे।
- सितंबर 2014 में IIT दिल्ली में आयोजित एक राष्ट्रीय कार्यशाला के दौरान विभिन्न प्रौद्योगिकी संस्थानों, रूरल टेक्नोलॉजी एक्शन ग्रुप (RuTAG) के समन्वयकों, स्वैच्छिक संगठनों और सरकारी एजेंसियों के प्रतिनिधियों के साथ विस्तृत परामर्श के बाद यह अवधारणा और अधिक परिपक्व हुई।
- इस कार्यशाला को काउंसिल फॉर एडवांसमेंट ऑफ पीपुल्स एक्शन एंड रूरल टेक्नोलॉजी (CAPART), ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा प्रायोजित किया गया था।
- कार्यक्रम की औपचारिक शुरुआत 11 नवंबर, 2014 को भारत मानव संसाधन विकास मंत्रालय द्वारा की गई थी।

लक्ष्य

- उच्च शिक्षण संस्थानों के बीच विकास एजेंडे से संबंधित आपसी तालमेल तथा संस्थागत क्षमताओं का विकास करना और राष्ट्र की आवश्यकताओं विशेष रूप से ग्रामीण आवश्यकताओं के अनुरूप प्रशिक्षण की व्यवस्था करना।
- उच्च शिक्षा के आधार के रूप में क्षेत्रीय स्तर पर कार्य किये जाने की आवश्यकता, हिस्सेदारों के बीच बातचीत तथा सामाजिक उद्देश्यों की प्राप्ति पर ज़ोर देना।
- नए व्यवसायों के विकास केंद्र के रूप में सही रिपोर्टिंग और उपयोगी परिणामों पर ज़ोर देना।
- ग्रामीण भारत और क्षेत्रीय एजेंसियों के लिये उच्च शिक्षा संस्थानों के पेशेवरों (विशेष रूप से ऐसे पेशेवर जिन्होंने विज्ञान, इंजीनियरिंग एवं प्रौद्योगिकी तथा प्रबंधन के क्षेत्र में शैक्षणिक उत्कृष्टता हासिल की है) तक पहुँच सुनिश्चित करना।
- इस शोध के फलस्वरूप विकास परिणामों में सुधार लाना। अनुसंधान के परिणामों को बनाए रखने और समाहित करने के लिये नए व्यवसाय और नई प्रक्रियाओं को विकसित करना।
- विज्ञान, समाज और पर्यावरण से संबंधित बड़े समुदायों के बीच एक नई वार्ता को बढ़ावा देना।

एविया इंद्र- 18

17 से 28 सितंबर, 2018 तक भारत और रूस संघ की वायुसेना के बीच छमाही वायुसेना अभ्यास एविया इंद्र- 18 के पहले सत्र का आयोजन लिपेत्स्क, रूस में किया गया।

- इस वर्ष युद्धाभ्यास के दूसरे सत्र का आयोजन भारत के जोधपुर में 10 से 22 दिसंबर, 2018 तक किया जाएगा।
- इस अभ्यास का उद्देश्य एक द्विपक्षीय परिदृश्य में आतंकवाद विरोधी अभियान में वायु शक्ति का उपयोग करना उसे मान्यता देने के साथ सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा करना था।
- इस अभ्यास में एयरोस्पेस सुरक्षा और आतंकवाद विरोधी वायु संचालन पर ब्रीफिंग (briefing) शामिल थी।
- पहली बार एविया-इंद्र का आयोजन वर्ष 2014 में किया गया था।
- इस सैन्य अभ्यास में भाग लेने वाले भारतीय विमान थे- सुखोई-30 (SU-30), मिग- 29, Mi-8 तथा An-26।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/prelims-facts-03-se-2018